>

Title : Regarding initiative taken by the Central Government to facilitate the creation of a separate state of Telengana.

**श्री लाल कृष्ण आडवाणी (गांधीनगर):** अध्यक्ष महोदया, मैं बहुत आभारी हूं कि आप मुझे अवसर दे रही हैं कि मैं सदन को इस बात के लिए बधाई दूं कि आपने सदन में जिस प्रकार आंध्र की स्थिति में हस्तक्षेप करके एक नया उदाहरण प्रस्तुत किया है। संसद के हक्षेप के कारण सरकार ने एक बहुत ही महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके लिए मैं सरकार को भी बधाई और संसद को भी विशेष बधाई देना चाहता हूं। जिन दो बातों के बारे में सदन में कल चिंता प्रकट की गई थी, उन दोनों बातों का एक प्रकार से समाधान हुआ है। हम चाहते थे कि तेलंगाना की जनता की इच्छानुसार तेलंगाना प्रदेश बने और हम चाहते थे कि हमारे संसद के एक साथी, जो दस दिन से अनशन पर थे, जिनके स्वास्थ्य की स्थिति चिंताजनक हो गई थी, उनके जीवन को किसी भी प्रकार की हानि न पहुंचे। ये दोनों बातें हो गई, मुझे इसकी बहुत खुशी है और इसके लिए मैं आपको बधाई देता हूं।

अध्यक्ष महोदया, मैं अपेक्षा करता था कि सरकार ने जो निर्णय किया है, उस निर्णय को स्वयं गृहमंत्री हमें आ कर बताएंगे। उन्होंने बाहर घोषणा की थी, यह बताएं कि यहां भी घोषणा करेंगे और इसके लिए सिवाय असैम्बली के प्रस्ताव पर क्या प्रक्रिया सोची है। यह संवैधानिक तौर पर जरूरी नहीं है, लेकिन हो जाता है तो बहुत अच्छा है। मैं चाहता हूं इस विषय पर सरकार सदन को विश्वास में ले कि क्या प्रक्रिया सोची है, किस प्रकार से इस 29वें राज्य का गठन होगा और इसके लिए क्या कदम उठाए जाएंगे। मैं जानता हूं कि इसके लिए विधेयक प्रस्तुत करने से पहले भी बहुत कुछ करना पड़ेगा। मैं यह चाहूंगा कि यह करके सरकार यहां आए। लेकिन इस बारे में उन्होंने अब तक क्या सोचा है, आगे की क्या प्रक्रिया सोची है, यह कब तक हो जाएगा और उनकी क्या अपेक्षा है, इस बारे में सरकार सदन को विश्वास में ले तो मुझे खुशी होगी।

महोदया, मैं पुनः एक बार धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे यह विषय उठाने का मौका दिया। धन्यवाद।

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI PRANAB MUKHERJEE): Madam, I would, first of all, like to thank the Leader of the Opposition and submit that as the decision was taken very late last night we are yet to get information from the State Government about the response to the announcement made by the Home Minister. Some rallies are being organized there. Therefore, we are yet to get the full information from the State Government. So far the collected information is that Shri Chandrasekhar Rao has withdrawn his fast. We are appreciative of it. He has responded to it. The hon. Leader of the Opposition is fully aware that other information also are required. In regard to the formation of the new State all the procedures will be followed. But if we have information from the State which we would like to share with the House, definitely during the day or tomorrow we will keep the House informed.